हुतात्मा चौक से मेट्रो सुरंग का काम शुरू

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई. मुंबई मेट्रो लाइन- 3 के तहत अप-लाइन के लिए 551 मीटर लंबी सुरंग बनाने के लिए बोरिंग मशीन (टीबीएम) एक्सआर 2114-408 को लांच किया गया. लार्सन एंड टुब्रो- शंघाई टनल इंजीनियरिंग कंपनी (एलएंडटी-एसटीईसी) के कर्मचारियों ने गुरुवार को मुंबई मेट्रो के 33.5 किलोमीटर लाइन -3 (एक्वा) के लिए सीएसएमटी की ओर हुतात्मा चौक से सुरंग बनाने सूर्या टीबीएम मशीन को लांच किया.

सूर्या टीबीएम मशीन का उपयोग

एमएमआरसीएल की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह रॉबिन्स क्रॉसओवर मशीन, जिसका उपनाम सूर्या -1 है. इसके माध्यम से नवंबर में पैकेज यूजीसी -01 के लिए हुतात्मा चौक स्टेशन के दक्षिणी-छोर से चर्चगेट के लिए टनल का निर्माण किया था. इसके हाइड्रोलिक का उपयोग कर 233 मीटर लंबे स्टेशन बॉक्स के माध्यम से इसके उत्तरी-छोर तक पूरा किया गया है. सीएसएमटी स्टेशन की ओर 4थे असाइनमेंट के लिए इसे लांच किया गया है.